लॉजिस्टिक सेंटर में 12 वेयर हाउस बनेंगे

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की ओर से प्रस्तावित टप्पल के लॉजिस्टिक पार्क में 12 वेयर हाउस और 6 से अधिक अन्य प्रकार के भंडारण केंद्र बनेंगे। 250 एकड़ में विकसित होने वाली इस परियोजना में 640 करोड़ का निवेश आएगा। इसके लिए जल्द प्राधिकरण रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी करेगा।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण लॉजिस्टिक के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) निकालने जा रहा है। इसके लिए कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा। इस परियोजना में 10 हजार से ज्यादा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यहां बता दें कि लॉजिस्टिक पार्क वेयर हाउस की तरह काम करता है। दादरी कंटेनर डिपो के नजदीक होने के कारण वेस्ट यूपी के कई जिलों से माल निर्यात में आसानी होगी। ब्यूरो